केस स्टडी- 11/2024

जारी तिथि : 05.04.2024

रेल बर्न

घटनाक्रम:- दि:-04.04.2024 को नागपुर मंडल में गाड़ी क्र. RGTM, लोड 59=59=5265 टन, लोको क्र. 27357 /NKJ, सेक्शन: येनोर-नागरी, में कार्य करते समय लोको पायलट को येनोर स्टेशन का होम सिग्नल ऑन अप्रोच मिला, जिसकी वजह से गाड़ी की गति 03 Kmph तक ड्रॉप हो गई, लोको पायलट ने गति बढ़ाने की कोशिश की परंतु आगे 1:150 का अप ग्रेडिएंट (लगभग 2 KMs) होने के कारण गाड़ी की गति धीरे धीरे कम होकर KM No. 799/18 पर स्टॉल हो गई। जिसके कारण 5 गाड़ियों की Punctuality लॉस हो गई तथा गाड़ी को रिस्टार्ट करने हेतु अधिक प्रयास करने के कारण रेल बर्न भी हो गया। (टोटल सेक्शन ब्लॉक: 1'04", अतिरिक्त : 0.44")

संभावित कारण:-

1. **WTT के अनुसार येनोर स्टेशन का होम सिग्नल पर लोडेड गाड़ी को सिग्नल थ्रू न मिलना।**
2. **लोको पायलट द्वारा गाड़ी चढ़ाने की अनावश्यक प्रयास/अधिक कोशिश करना।**
3. **लोको पायलट की उत्तम चालन तकनीक/ कौशल की कमी होना।**

उपरोक्त घटना से सबक:-

- अप ग्रेडिएंट पर स्टॉलिंग हो जाये तो एक- दो बार सेंडिंग करके प्रयास करें। यदि लोको की निर्धारित **मात्रा तक करेंट देने के बाद** भी लोड नहीं हिलता है तो सहायता इंजिन की मांग करें, अन्यथा ज्यादा कोशिश करने पर व्हील स्किड / रेल बर्न होने की सम्भावना हमेशा बनी रहती है।
- जब भी ग्रेडिएंट पर स्थाई / अस्थाई गति प्रतिबन्ध हो तो गाड़ी **को दूर से ही नॉच द्वारा कंट्रोल** कर पूरी तरह लोड को **रिलीज़ अवस्था में रखकर गति प्रतिबन्ध को पार** करें ताकि गाड़ी को स्टॉल होने से बचाया जा सके।
- जब लोड जाम हो तो **अनावश्यक प्रयास न करें, पहले लोड रिलीज़ करे,** फिर ट्रैक्शन लें।
- हमेशा **MP जीरो पर रखकर** तथा **LSGR की बत्ती जलने** के उपरांत ही ब्रेक अप्लाइ करें।
- केवल लोडेड गाड़ी कार्य करते समय ही आवश्यकता पड़ने पर **Q-51 रिले को डि-इनर्जाइज अवस्था पूरी सावधानियो** का पालन करते हुए वेज करें।

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.), नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।